# वर्षाकाल में भी टाईगर रिजर्व में पर्यटकों की चहल-पहल व इंटरेस्ट की गतिविधियां होगी प्रारंभ

## बफर जोन मानसून काल में पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र





बालाघाट

कान्हा टाइगर रिजर्व सहित राज्य के सभी नेशनल पार्कों में सफारी के अलावा पर्यटन के अनुभव बढ़ाने, वर्षा ऋतु में पार्कों के बंद हो जाने के बाद पर्यटन को नई दिअहा देने के लिए मंडला स्थित मोचा में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कान्हा टाइगर रिजर्व के एमपीटी के बघीरा रिसॉर्ट में पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ल के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ हैबिटेट में सस्टेनेबल ट्रैकिंग प्रैक्टिस, एडवेंचर एक्टिविटीज इंश्योरेंस, वेलनेस टूरिज्म, स्काई गेजिंग और साइकिल सफारी आदि विषयों पर हितधारकों से शनिवार और रविवार दो दिवसों में चर्चा हुई। दो दिनों तक चले इस मंथन में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कोमट, कान्हा वन मंडल बफर जोन उप संचालक अमिता के, एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव, बिछिया की एसडीएम सोनाली देव, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रविशंकर और होटल-लॉज संघ, कान्हा के अध्यक्ष तरुण भाटी कार्यशाला का में शामिल हुए। कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन की उप संचालक अमिता के ने पीपीटी के माध्यम से इको तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि कर सकता है। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल ने पचमढ़ी को ग्रीन डेस्टिनेशन के रूप में प्रमाणित किया है। यह प्रदेश के पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि धार कुच्छी से गुजरात के स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज सेवा जल्द आरंभ होगी। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में प्रदेश में सफलता पूर्वक संचालित स्काई डाइविंग जैसी गतिविधियों के बारे में बताया। प्रदेश अब साहसिक खेलों के लिए देश विदेश में नाम कमा रहा है उन्होंने अप्रैल माह में मंडला जिले में सफलता पूर्वक संचालित झील महोत्सव के बारे में बताया। साहसिक खेलों को बरगी बांध में संचालित करने के लिए एमपीटीबी ने जबलपुर के स्पोर्ट्स स्टूडियो के संचालक आशीष अग्रवाल को लायसेंस प्रदान किया है। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि पर्यटन बोर्ड पीपीपी मॉडल के माध्यम से भी आगे बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ पेंच और अलीराजपुर में ट्रैकिंग करा रहे इंडिया हाइक्स के प्रमुख नीतेश कुमार जे ने बताया कि उनके साथ ट्रैकिंग करने वाले कचरा एकत्र करने एक थैला रखकर चलते हैं। भोपाल से आए फिल्म और डॉक्यूमेंट्री निर्माता निशांत कपूर ने वाइल्ड लाइफ को आकार देने फिल्मों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। फिल्म निर्माता और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर फरहान खान की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।इस अवसर पर एडवेंचर इंश्योरेंस कंपनी एएससी 360 की प्रमुख पूजा सिंघल, साइकिल सफारी का। संचालन कर रहे रोहित त्रिवेदी तथा सायरन्स स्पोर्ट्स के राहुल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमपीटीबी के सलाहकार के के सिंह, परियोजना अधिकारी अवनीश यादव, पर्यटन प्रबंधक जबलपुर तरुण मिश्र तथा पर्यटन प्रबंधक बालाघाट रत्नदीप आदि उपस्थित रहे।

### हेलीकॉप्टर से पहुचेंगे जबलपुर से कान्हा

एमपीटीबी के डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक श्री शुक्ल का मानना है कि कान्हा नेशनल पार्क तक जल्द पहुंचने के लिए बोर्ड जल्द ही जबलपुर से कान्हा तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करेगा। कान्हा में मोचा या खटिया गेट के निकट हेलिपैड का निर्माण होगा।

### बदला जाए खटिया गेट का नाम

कार्यशाला में सहभागी होटल, रिजॉर्ट संचालकों ने कहा कि खटिया गेट का नाम बदल दिया जाए ताकि पर्यटकों की गलतफहमी दूर हो कि यहां कोर क्षेत्र नहीं है और खटिया गेट से प्रवेश करने पर बाघ नहीं दिखते। आगे मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और निजी एडवेंचर ऑपरेटर की माध्यम से मैराथन गतिविधि, ट्रैकिंग, स्टार गेजिंग, साइक्लिंग(टूर ऑ? कान्हा) 14 से 17 अगस्त को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

# मध्यप्रदेश भाजपा के राज में घोटालों का पर्याय बन गया है, जहां भ्रष्टाचारियों को सत्ताश्रय प्राप्त है : कॉंग्रेस

**सिवनी (स्वतंत्र मत)** भाजपा के राज में पूरे प्रदेश में घोटाले हो रहें है घोटाला करने वाले भाजपा के मंत्री, नेता और उनके परिवार के लोंग सबसे आगे है। भाजपा नेता गोपाल भार्गव के मंत्री रहते उनके बेटे अभिषेक ने सरकारी पट्टे की जमीन खरीदी और 6 माह में जलाशय परियोजना में भूमि अधीग्रहण के नाम पर करोड़ो रूपय का मुआवजा ले लिया। नियमों के मुताबिक केवल विशेष परिस्थिति में, जैसे पट्टाधारी को आर्थिक तंगी या प्रशासनिक मंजूरी की स्थिति मे ही जमीन को बेचने की अनुमति मिल सकती है लेकिन यहॉ मंत्री के बेटे अभिषेक भार्गव को एक ही क्षेत्र में इतनी बडी संख्या में पट्टे की जमीन अपने नाम से खरीद, इसी तरह सागर के गरीब बटाईदार के नाम से भाजपा के महापौर श्रीमती संगीता तिवारी के बेटे सूर्यांश तिवारी ने करोडो रूपय की जमीन खरीद कर फर्जीवाड़ा किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सिवनी में भी सर्पदंश के नाम 11 करोड़ 76 लाख का घोटाला किया गया। एक एक व्यक्ति को 29 बार, 28 बार, 30 बार सर्पदंश से मृत बताकर सरकारी पैसो का बंदरबाट कर दिया गया। मध्यप्रदेश में कर्मचारियों के नाम से 12 हजार करोड़ का घोटाला किया गया, जो कर्मचारी है ही नहीं उनके नाम पर करोड़ो रूपय का वेतन निकाल लिया गया, इसी तरह 2 हजार एम्बुलेंस किराये पर लिया गया और एक एम्बुलेंस का 45 लाख रूपत्र का किराया दे दिया गया, आटो रिछा के नम्बर दे दिया गया, एक ही नम्बर से तीन तीन वाहनों का किराया निकाल लिया गया। इसी तरह भोपाल में आरटीओं के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा के पास के करोड़ रूपय और सोना बरामद किया गया यह घोटाला भी 15 हजार करोड़ रूपय का था, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री शामिल थे, सौरभ शर्मा को जमानत देकर भाजपा नेताओं को बचाने का काम प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा किया गया। राजिक अकील ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में उपचार के नाम पर आयुष्मान घोटाला किया गया भाजपा के नेता मंत्री आयुष्मान योजना का बहुत अधिक ढिंढोरा पीटते है सिर्फ 3 फोन नम्बर पर 10 लाख लोगों की आयुष्मान योजना चल रही है मृत लोंगो के नाम पर आयुष्मान योजना की राशि निकाल ली गई, इसी तरह एक ही व्यक्ति का कई अस्पतालों में ईलाज के नाम पर राशि निकाली जा रही है। नर्सिंग घोटाला नर्सिंग कॉलेज चलाने के नाम से मध्यप्रदेश में बड़ा घोटाला हुआ है इसमें भी बडी संख्या में भाजपा के नेता, मंत्री शामिल थे इस घोटाला में तो नर्सिंग घोटाला करने के लिए अपने आपको बचाने के लिए सीबीआई को भी रिश्वत दी। मध्यप्रदेश भाजपा सरकार में घोटालों की लम्बी लिस्ट है सरकार के पास शासकीय कर्मचारियों को देने के लिए वेतन नही है।

# केवलारी ,भोमा रेलवे स्टेशन में स्टापेज देने के लिए केवलारी जागरूक नागरिक मंच ने जताया आभार

सिवनी (स्वतंत्र मत)

रेल मंत्रालय के द्वारा पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन जो इंदौर सिवनी कहलाती है को आदिवासी बहुल आमजनता की आवागमन की सुविधओं को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से यह प्रमुख माँग उठती रही है ,जिस पर रेल मंत्रालय के मुखिया अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे विभाग के डी आर एम,रेलवे वाणिज्यिक विभाग के उच्चाधिकारियों के द्वारा पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन को सिवनी स्टेशन से बढ़ाकर नैनपुर जंक्शन तक बढ़ाया गया। इसके चलते इस आदिवासी बहुल क्षेत्र के लोगों को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल, धार्मिक नगरी भगवान महाकाल जी के दर्शन हेतु उज्जैन, व्यापारिक नगरी इन्दौर जाने के लिए एक बहुत ही सुगम आवागमन,रोजी रोजगार की दृष्टि से समय और आर्थिक बचत के रूप से उपलब्ध होगा। केवलारी ,भोमा रेलवे स्टेशन में स्टापेज देने के लिए केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सुधीर पाण्डे सांसद प्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक कों में हाजी रफ़ीक खान,मनीष जैन,रमाशंकर महोबिया,संजय पाण्डे,राकेश आत्मपूज्य, नीलेश अवधिया, राजू मेहरा, बबलू खान, एडवोकेट पवन यादव, स्वप्निल उपाध्याय, प्रवीण दुबे, पवन बघेल मलारा, मोहित उपाध्याय, नस्सू खान, हीरो श्रीवात्री, धरम चन्द जैन, प्रीतम पाल,शिवम,श्रेयांश,शाश्वत पाण्डे, शोएब खान,सागर तिवारी, राजा मेहरा,आदि समाजसेवीयों ने विकसित




भारत के लिए कृतसंकल्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव,मण्डला-सिवनी लोकसभा क्षेत्र सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, रेलवे के उच्चाधिकारियों, महाप्रबंधक, डी आर एम दीपक कुमार गुप्ता,सहित सभी इस ट्रेन को नैनपुर तक बढाने के लिए सहयोग करने वाले लोगों का हार्दिक आभार प्रकट किया है, साथ ही अन्य रेल सुविधाओं को बढ़ाने की भी माँग की है।

# महेश सहारे ने की कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से ली थी कांग्रेस की सदस्यता, पिछडे, आदिवासी और दलितों के लिए संघर्ष करते आ रहे महेश सहारे

बालाघाट

आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेशाध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ता, महेश सहारे ने, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा ठोंका है। दरअसल, जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक बनकर आए सूरज हेग? और पीसीसी पर्यवेक्षक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करने पहुंचे है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष, गत दिवस जिले से रवाना हो चुके है, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के तहत एआईसीसी पर्यवेक्षक हेग?, यही जिले में नेताओं से रायशुमारी कर रहे है। बालाघाट में एआईसीसी पर्यवेक्षक सूरज हेग? और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता महेश सहारे ने दावा ठोंका। बीते विधानसभा चुनाव में कटंगी में आयोजित सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सदस्यता ली थी। हालांकि महेश सहारे को संगठनात्मक और राजनीति का लंबा अनुभव है, कांग्रेस में आने से पहले,



वह सपा में दो बार जिलाध्यक्ष रह चुके है, यही नहीं जिले के कटंगी विधानसभा से वह सपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी ल? चुके है। जिससे साफ है कि उनके पास संगठन और राजनीति का अच्छा खासा अनुभव है। वर्तमान में कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही के रूप में वह कांग्रेस के हर कार्यक्रमो में कंधे से कंधा मिलाकर, पार्टी के लिए काम कर रहे है, उन्हें, पिछ?ा वर्ग, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यको के हक और अधिकार के लिए ल?ने के चलते, लोग उन्हें संघर्षवान व्यक्तित्व के रूप में भी देखते है। संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहां जातीय जनगणना को लेकर अपनी बात रखी थी। वहीं जिले में जातीय जनगणना के आंदोलन को स?क तक लाने का काम, संघर्षशील नेतृत्व के धनी महेश सहारे ने किया। वर्तमान में ही वाहन चालक और परिचालक एशोसिएशन का भी वह प्रतिनिधित्व कर रहे है, जिसके माध्यम से भी वह वाहन चालकों और परिचालको की ल?ाई को ल?कर उन्हें हक और अधिकार दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। इसके साथ ही बालाघाट में एक ब?ी आबादी, गोवारी समाज की है, जिसे जिले में आदिवासी का हक दिलाने के लिए, विगत कई सालों से महेश सहारे, लंबा संघर्ष कर रहे है और जिले से लेकर भोपाल और दिल्ली तक, अपनी आवाज को इन्होंने बुलंद किया। वर्तमान में उनके इस आंदोलन में जिले का ब?ा आदिवासी गोवारी समाज, इनके साथ ख?ा है। जिले में महेश सहारे, एक सुलझे और संघर्षशील व्यक्तित्व के रूप में जाने और पहचाने जाते है, जिन्हें यदि कांग्रेस, संगठन जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है तो निश्चित ही सर्व धर्म के लोगों के साथ ही कांग्रेस को आदिवासी गोवारी समाज के साथ ही आदिवासी, दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग, कांग्रेस की तरफ आएगा। जिसका फायदा ना केवल कांग्रेस को संगठन बल्कि राजनीतिक रूप से भी होगा।

# 21 जून को मनाया जायेगा ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सिवनी (स्वतंत्र मत)

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 21 जून 2025 को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वृहद आयोजन जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाना है। इन कार्यक्रमों में स्कूलों कॉलेजों के विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न योग संस्थान, एन.सी.सी.,एन.एस.एस.,पुलिसकर्मी, शासकीय सेवकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से सम्पन्न किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे द्वारा समस्त विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं शासकीय/अशासकीय संस्था प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है कि कलेक्टर सुश्री जैन के निर्देशानुसार व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र एवं शिक्षण संस्था में कार्यक्रम के आयोजन हेतु अन्य विभागों, योग एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर योग



अभ्यास प्रारम्भ करें। इसी क्रम में दिनांक 21 जून 2025 को प्रात: 06.00 बजे से जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम फुटबॉल स्टेडियम बैडमिन्टन हॉल सिवनी में आयोजित किया जावेगा। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं जनसामान्य नागरिकों से अनुरोध किया है कि 21 जून 2025 को अपने निकटतम क्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागिता करने हेतु अपील की है।

# छपारा को न्यायिक सौगात व्यवहार न्यायालय का 16 जून को उद्घाटन

## स्थानीय जनता को मिलेगी सुलभ न्याय प्रणाली




सिवनी (स्वतंत्र मत)

सिवनी जिले के छपारा क्षेत्रवासियों के लिए एक बहुप्रतीक्षित सपना अब साकार होने जा रहा है। सोमवार, 16 जून 2025 को प्रात: 10 बजे छपारा में नव स्थापित व्यवहार न्यायालय (लिंक कोर्ट) का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर माननीय सतीश चंद्र राय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिवनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता संघ छपारा द्वारा नगर के जनपद पंचायत कार्यालय स्थित न्यायालय परिसर में किया जा रहा है।

न्यायालय की स्थापना से छपारा व आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को अब अपने क्षेत्र में ही न्यायिक कार्यों के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय तक की लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी।

### अधिवक्ता संघ ने की अपील

छपारा अधिवक्ता संघ ने समस्त गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों से इस शुभ अवसर पर उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया है। पंचवेली एक्सप्रेस नैनपुर विस्तारित करने पर केवलारी नागरिक जागरूक मंच ने जनप्रतिनिधियों को दिया साधुवाद ।

# धनौरा में अवैध शराब बिक्री के विरोध में नारी शक्ति ने उठाई आवाज, भट्टी स्थानांतरण की माँग

सिवनी (स्वतंत्र मत)

जनपद क्षेत्र धनौरा में अवैध शराब की बिक्री और इसके बढ़ते प्रभाव के विरोध में महिलाओं का आक्रोश अब आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। नशा मुक्त गाँव, सुरक्षित समाज की दिशा में कार्यरत स्थानीय नारी शक्ति संगठन ने धनौरा मुख्य चौराहे पर स्थित देशी शराब दुकान को हटाने की माँग को लेकर बड़ी संख्या में धनौरा से कलेक्ट्रेड पहुँचकर महिलाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उक्त महिलाओं द्वारा धनौरा शराब दुकान के समक्ष तीन बार भी प्रदर्शन किया गया ।

ज्ञापन में कहा गया है कि भट्टी के चलते आस-पास का माहौल अत्यंत असुरक्षित हो गया है। शराबियों की भीड़ के कारण महिलाओं, छात्राओं और आम नागरिकों को आवागमन में लगातार




परेशानियों का सामना करना पड़ता है। न सिर्फ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि यह स्थिति नैतिक और सामाजिक मूल्यों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है।

महिलाओं का कहना है कि-

हमारे बच्चे, युवा और पूरे समाज का भविष्य नशे की गिरफ्त में जा रहा है। कई सड़क दुर्घटनाएं शराब के नशे में हुई लापरवाही के चलते हो चुकी हैं। गाँव में बिना लाइसेंस के शराब की आपूर्ति आम हो गई है, जिससे कच्ची और पक्की दोनों तरह की शराब का खुलेआम व्यापार हो रहा है। नारी शक्ति संगठन की अगुवाई में 47 पंचायतों में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत घर-घर जाकर महिलाओं ने शराब के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

महिलाओं ने प्रशासन से माँग की है किधनौरा चौराहे पर स्थित देशी शराब दुकान को 500 मीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। बिना लाइसेंस शराब बिक्री एवं आपूर्ति पर सख्त कार्यवाही की जाए। विद्यालयों, मुख्य बाजार, धार्मिक स्थलों के पास स्थित शराब दुकानों को तत्काल हटाया जाए। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कोई कार्रवाई नहीं होती, तो वे भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन जैसे उग्र कदम उठाने को विवश होंगी। प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रही नाराजगी

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत शराब दुकानें शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, एवं घनी बस्ती से कम से कम 500 मीटर दूर स्थापित की जानी चाहिए। बावजूद इसके, धनौरा में यह नियम खुलेआम तोड़ा जा रहा है।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने किया समर्थन

इस आंदोलन को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की माँग की है ताकि गाँव की सामाजिक संरचना और महिलाओं की गरिमा की रक्षा हो सके।